# मीरजापुर पुलिस

## —प्रेस नोट—

दिनांकः 14.08.2025

**थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा 03 शातिर वाहन चोर व गो-तस्कर गिरफ्तार, अवैध तमंचा मय कारसूत तथा चोरी की एक अदद अपाचे मोटरसाइकिल बरामद—**

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व वाहनों की चोरी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना विन्ध्याचल पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः14.08.2025 को थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत दादरकलां मोड़ के पास से शातिर वाहन चोर एवं गो-तस्करी करने वाले 03 शातिर अभियुक्तों 1.उमेश मौर्या पुत्र राजेन्द्र मौर्या, 2.डब्लू पुत्र लालचन्द्र व 3.बाल अपचारी को चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट के साथ पकड़ा गया। अभियुक्त उमेश मौर्या के पास से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-272/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल/किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

**विवरण पूछताछ—**

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे तीनों मिलकर कुछ माह पहले थाना जिगना क्षेत्र से उक्त अपाचे मोटरसाइकिल की चोरी किये थे जिनका एक संगठित गैंग है जो अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए वाहन चोरी एवं गो-तस्करी का काम करते हैं।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —**

1.उमेश मौर्या पुत्र राजेन्द्र मौर्या निवासी लेहड़िया कामापुर थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-36 वर्ष।

2.डब्लू पुत्र लालचन्द्र निवासी कामापुर कला थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-19 वर्ष।

3.बाल अपचारी।

**पंजीकृत अभियोग —**

मु0अ0सं0-272/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

**विवरण बरामदगी—**

चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल अपाचे बिना नम्बर प्लेट।

एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

दादरकला मोड़ बहद् ग्राम विजयपुर के पास से, आज दिनांकः14.08.2025 को समय 03:26 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक संजय सिंह थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी प्रहलाद यादव, रामबिहारी राम व आरक्षी अरुण कुमार।




************